# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 20 सितम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 350

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रोते हुए बच्चे को चलती ट्रेन से फेंक दिया बाहर

**अयोध्या (आरएनएस)।** दिल्ली-फरक्का एक्सप्रेस में सवार एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने सात महीने के एक बच्चे को उसकी मां से छीन लिया और गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर उसे चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया। इस घटना के बाद यात्रियों ने व्यक्ति की पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। बच्चे का पता लगाने के लिए तलाशी शुरू की गई, लेकिन वह नहीं मिला। गवर्मेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रभारी अयोध्या सूबेदार यादव ने कहा, आरोपी कमलेश समस्तीपुर (बिहार) का रहने वाला है, वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। शिकायतकर्ता उमा बर्मन पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर की रहने वाली हैं। सूत्रों के अनुसार, बच्चा काफी रो रहा था और आरोपी ने उसे चुप कराने की कोशिश की, जब तक कि लोग यह समझ पाते कि क्या हो रहा है, वह दरवाजे की तरफ गया और उसने बच्चे को ट्रेन से बाहर फेंक दिया।

### ओडिशा क्रिकेट संघ के सचिव आशीर्वाद बेहरा को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ओडिशा ओलंपिक संघ के सचिव रह चुके आशीर्वाद बेहरा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया है। बेहरा को अर्थ तत्व चिटफंड मामले में गिरफ्तार किया गया है। बेहरा के बाराबटी स्टेडियम स्थित दफ्तर में पहली बार 16 अगस्त 2014 को छापेमारी हुई थी। इसे सीबीआई ने अंजाम दिया था। बेहरा के दामाद को भी ईडी तलब कर चुकी है। आरोपों के मुताबिक, ओडिशा के लगभग सभी खेल संघों पर बेहरा का कब्जा था। बाराबटी स्टेडियम जमीन घोटाला मामला सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बेहरा को पद छोड़ने के लिए कहा था।

### अजय कुमार ने थामा आप का दामन

**» झारखंड में कांग्रेस को बड़ा झटका**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अपने बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस को अब झारखंड में बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने आम आदमी पार्टी ज्वॉइन कर ली। उन्होंने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद कांग्रेस दो समूहों में बंट गई थी।

### एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया होंगे अगले वायु सेना अध्यक्ष

**» बीएस धनोआ की लेंगे जगह**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय के प्रमुख सचिव ने अगले वायुसेना अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी है। एयर चीफ मार्शल बीएस धनौआ के स्थान पर एयर वाइस चीफ एयर मार्शल आरकेएस भदौरिया को अगला वायुसेना अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। 30 सितंबर को बीएस धनौआ रिटायर हो रहे हैं। एयर मार्शल भदौरिया ने मई में वाइस चीफ का पदभार ग्रहण किया था। भदौरिया एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 15 जून 1980 को वायु सेना के लड़ाकू दस्ते में शामिल हुए थे। भदौरिया को अपने करियर में परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और वायु सेना मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

### 15वें वित्त आयोग का दल सिक्किम का करेगा दौरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 15वें वित्त आयोग का दल 23 से 26 सितंबर,2019 तक सिक्किम का दौरा करेगा। वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के.सिंह तथा आयोग के सदस्य और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस दौरान राज्य में कई बैठकें करेंगे। आयोग सिक्किम में अपनी बैठकों की शुरूआत स्थानीय ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के साथ करेगा। इसके बाद वह शहरी स्थानीय निकायों और राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मिलेगा।

## नई सरकार के पहले शतक में धार भी, रफ्तार भी और भविष्य की तस्वीर भी है: मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फणडवीस की महाजनादेश यात्रा के समापन अवसर पर एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज छत्रपति उदयन ने मेरे सिर पर एक छत्र रखा है। ये सम्मान भी है और छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति दायित्व का भी प्रतीक है। वह इसे अपने जीवन का बहुमूल्य पल मानते हैं।



100 दिन के कार्यों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र में नई सरकार को बने 100 दिन पूरे हो चुके हैं और इस सरकार का पहला शतक आपके सामने है। इस शतक में धार भी है, रफ़्तार भी है और आने वाले 5 वर्षों की साफ़ सुथरी तस्वीर भी है। उन्होंने कहा कि पहले

अपनी नई सरकार के शतक में देश, समाज और दुनिया में नए भारत के नए दृष्टिकोण की झलक है। कठिन चुनौतियों से टक्कर की ललक भी है, विकास का जोश भी है और भारत की वैश्विक ताकत का सन्देश भी है।

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में राजनीतिक अस्थिरता के कारण महाराष्ट्र जिस तेजी से आगे बढ़ना चाहिए था, उस तेजी से आगे नहीं बढ़ा। मुंबई महानगरी की चकाचौंध में महाराष्ट्र के दूर दराज के क्षेत्र, वहां के गरीब, किसान राजनीतिक अस्थिरता के शिकार हो गए। मोदी ने कहा कि देवेंद्र फडणनवीस जी ने 5 वर्ष अखंड और अविरत साधना करके महाराष्ट्र की सेवा की और राज्य को नई दिशा दी। अब महाराष्ट्र की जिम्मेवारी है की फिर एक बार देवेंद्र जी के नेतृत्व में स्थिर राजनीति का फायदा उठाना चाहिए। पशु तो वोट नहीं देते, किया टीकाकरण

रैली में पीएम ने कहा कि राजनीतिक पंडित सरकार के हर काम को चुनाव से जोड़कर देखते हैं, जबकि हमारी सरकार ने देश के पशुधनों को बीमारी से बचाने के लिए उनका टीकाकरण करने का काम किया, जबकि वो तो वोट भी नहीं देते. इसलिए हमारी सरकार वोट के लिए नहीं देश के लिए काम करती है।

**100 देशों में जा रही भारत में बनी बुलेट प्रूफ जैकेट**- मोदी बोले कि हमने वादा किया था कि देश की सेना को सशक्त बनाने और अपने सैनिकों के सशक्तिकरण के लिए हर कदम उठाएंगे। हाल में दो महाशक्तिशाली हैलिकॉप्टर हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन चुके हैं, बहुत जल्द राफेल फाइटर जेट भी हमारी वायुसेना को सशक्त करेगा।

## आईए-आरएसएन-आरटीएन के युद्धाभ्यास का समुद्री चरण शुरू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंडमान के समुद्र में 18 सितंबर, 2019 से भारतीय नौसेना, सिंगापुर गणराज्य की नौसेना (आरएसएन) और रॉयल थाई नेवी (आरटीएन) के बीच एसआईटीएमईएक्स-19 (सिंगापुर, भारत और थाईलैंड समुद्री युद्धाभ्यास) शुरू हो गया है। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना का गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत रणवीर, मिसाइल जंगी पोत सुमेधा, एक तटीय पेट्रोल पोत और लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी8आई संयुक्त रूप से दुर्जेय श्रेणी के गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ पोत आरएसएस टेनासियस, गाइडेड मिसाइल पोत एचटीएमएस क्राबुरी के साथ शामिल है। इस अभ्यास में नौसेनाओं के बीच समुद्री सक्रियता बढ़ाने के लिए हवाई सुरक्षा एवं संचार अभ्यासों और बल सुरक्षा उपाय पर ध्यान दिया गया है। सर्वोत्तम तौरतरीकों के अनुभव साझा करने के लिए अभ्यास में शामिल पोतों के बीच समुद्री राइडर्स का आदान-प्रदान किया गया।

इससे पहले, पोर्ट ब्लेयर में एसआईटीएमईएक्स-19 के बंदरगाह चरण का समापन हुआ। इसमें विषय विशेषज्ञ एक्सचेंज (एसएमईई) के रूप में हुई पेशेवर बातचीत, जल यात्रा से पहले कांफ्रेंस शामिल है। इनमें कमांड टीमों ने हिस्सा लिया।

## चिदंबरम के बाद अब शिवकुमार को भेजा तिहाड़

**» आज ही अस्पताल से हुए थे डिस्चार्ज**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बाद मनी लॉन्ड्रिंग केस में हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार को भी तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। शिवकुमार इलाज के लिए दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें आज ही अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। शिवकुमार को तिहाड़ जेल नंबर 7 के वार्ड नंबर 2 में रखा गया है। इसी जेल परिसर में चिदंबरम भी बंद हैं। इससे पहले 17 सितंबर को दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कर्नाटक के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी.के. शिवकुमार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत



में भेज दिया था। जज ने ईडी को कहा कि वह शिवकुमार को डॉक्टर के पास ले जाए, उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखे और फिर उनसे पूछताछ करे। इसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया था। ईडी ने उनकी पांच दिन की हिरासत मांगी थी। इसका विरोध करते हुए शिवकुमार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि उनके मुवकिल हाई ब्लड प्रेसर सहित गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में शिवकुमार से चार दिनों तक पूछताछ करने के बाद उन्हें तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था।

## एनआरआई अभिनेत्री ईशा को ठगने वाले 3 गिरफ्तार

**» फर्जी कॉल-सेंटर का भंडाफोड़**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में एक ऐसे फर्जी कॉल-सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है, जो खासकर ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को ठगता था। कॉल-सेंटर का भंडाफोड़ करने वाली दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने मालिक सहित तीन ठगों को गिरफ्तार किया है।

मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब, एक अप्रवासी भारतीय हीरोइन को इस गिरोह ने ठग लिया। पीड़िता ने साइबर ठगी की शिकायत दिल्ली पुलिस से की थी। अब तक हुई छानबीन में पुलिस



को अंदेशा है कि यह गिरोह भारत से ऑस्ट्रेलिया में मौजूद 100 से ज्यादा लोगों से करोड़ों रुपये ठग चुका है। इस मामले की आगे की जांच में और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

पुलिस साइबर क्राइम यूनिट के डीसीपी अन्येश रॉय ने बताया कि शिकायतकर्ता आप्रवासी ईशा शरवानी इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में ही रह रही हैं।

पीड़िता ने फोन पर ही दिल्ली पुलिस को कुछ दिन पहले बताया कि वे फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं। उनके पास एक ऑस्ट्रेलियाई नंबर से कॉल आई थी। फोन कॉल करने वाले ने पीड़िता को बताया वह ऑस्ट्रेलियाई इनकम टैक्स ऑफिस से बोल रहा है। जिस नंबर से कॉल की गई, वह ऑस्ट्रेलिया की राजधानी का था।

डीसीपी रॉय ने आगे बताया कि फोन कॉल करने वाले ने अपने संभावित शिकार एनआरआई अभिनेत्री ईशा शरवानी को यह कहकर डराया कि उनके खिलाफ टैक्स के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट निकला हुआ है। इससे पीड़िता घबड़ा गई। खुद को आस्ट्रेलियाई आयकर विभाग का अफसर बताने वाले ठग ने यह भी कहा कि तय समय-सीमा के भीतर पीड़िता ने टैक्स की पेनल्टी जमा नहीं की तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फर्जी कॉल सेंटर से बात कर रहे ठग को जब लगा कि शिकार घबराकर पूरी तरह जाल में फंस चुका है, तब उसने पीड़िता से उनके खातों का ब्योरा भी हासिल कर लिया।

डीसीपी रॉय ने आगे बताया, कुछ समय बाद ही ईशा को उनके ऑस्ट्रेलियाई एकाउंटेंट के नंबर से एक कॉल आती है। कॉल करने वाला कहता है कि भूलवश हमसे आपके एकाउंट्स में कुछ गलत लेन-देन हो गए हैं।

## उद्योग के लिए अनुकूल माहौल बनाने सरकार प्रतिबद्ध : प्रधान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस्पात उद्योग को आश्वासन दिया है कि सरकार उसकी मित्र और मददगार है। सरकार इस्पात उद्योग के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय गैल्वनाइजिंग सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा की जरूरतों में बढ़ोतरी से इस्पात की खपत में भी वृद्धि होगी। पीएम आवास योजना, हर घर जल योजना, 400 शहरों में पाइप से प्राकृतिक गैस उपलब्ध करने की योजना इस्पात क्षेत्र के लिए शानदार अवसर उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने उद्योग से अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की अपील की, ताकि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में योगदान दिया जा सके। भारत में कच्चे माल की उपलब्धता, जनसांख्यिकीय लाभांश, विशाल समुद्र तट और बड़े बाजार उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बेंचमार्क का मुकाबला करने के लिए सभी प्रकार की सामग्री उपलब्ध है।



प्रधान ने कहा कि उद्योग को अच्छी गुणवत्ता और कम लागत वाले उत्पादों के उत्पादन पर ध्यान देना चाहिए। इस्पात उद्योग को आम नागरिकों के जीवन में पहुंच बनानी चाहिए। गैल्वनाइज्ड इस्पात लागत प्रभावी होने से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हमें अपनी आकांक्षाओं को विश्व बाजार से जोड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का विजन केवल एक नारा मात्र नहीं है, हमें इस विजन को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस्पात उद्योग को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित होने के लिए अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। जिंक उद्योग भी प्रगति के लिए तैयार है, यह क्षय को कम करके इस्पात की आयु बढ़ाता है। इस प्रकार यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान दे रहा है।

इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जस्ते की मदद से इस्पात के गैल्वनीकरण से यह क्षय रोधी हो जाता है। इस प्रकार स्टेनलैस स्टील की तुलना में यह कम लागत में क्षय रोधी बनाता है। इसका जितना अधिक उपयोग किया जाएगा, यह देश के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग को जनता और उन स्थानों के विकास में सकारात्मक योगदान देना चाहिए, जो आर्थिक विकास से कम लाभान्वित हुए हैं।

## राजनाथ सिंह ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में भरी उड़ान

**» ऐसा करने वाले पहले रक्षा मंत्री**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी।



पहली बार देश के रक्षा मंत्री ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। राजनाथ सिंह करीब आधे घंटे तेजस विमान में ही रहेंगे। 3 साल पहले ही तेजस को वायु सेना में शामिल किया गया था। अब तेजस का अपग्रेड वर्जन भी आने वाला है।बता दें कि तेजस हल्का लड़ाकू विमान है, जिसे हिंदुस्तान एरोनोटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया है। 83 तेजस विमानों के लिए एचएएल को करीब 45 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे। बता दें कि तेजस फाइटर जेट को 21 फरवरी, 2019 को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन द्वारा जारी किया गया था। स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन जारी करने का मतलब है कि तेजस मुकाबले के लिए तैयार है। तेजस पहले से ही हवा में ईंधन भरने, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक सुइट, कई अलग-अलग प्रकार के बम, मिसाइल और हथियारों जैसी तकनीकों से लैस है।

## कैबिनेट में फेरबदल को लेकर फिर से विचार कर रहे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान कैबिनेट में पहला फेरबदल करने के पांच महीने बाद फिर से इसमें फेरबदल करने पर विचार कर रहे हैं। इस बार होने वाले बदलाव को पोर्टफोलियो के दोबारा वितरण तक सीमित नहीं रखा जाएगा।



सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और उसके सहयोगियों के सूत्रों के अनुसार, खान पार्टी में कुछ नए चेहरों को भी शामिल कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मंत्रालयों से संबंधित उन वादों को पूरा कर सकते हैं, जो उनकी पार्टी, संघीय सरकार में अपने सहयोगियों, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्‍यू (पीएमएल-क्यू) और मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमओएम-पी) जैसे पार्टियों से की थी।

रक्षा, आंतरिक, शिक्षा, सूचना और रक्षा उत्पादन के पोर्टफोलियों में फेरबदल हो सकता है।

इस दौरान रक्षा मंत्री परवेज खटक को आंतरिक मंत्रालय(इंटिरियर मिनस्ट्री) का भार सौंपे जाने की प्रबल संभावना है। ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि पहली बार सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री गठित किए जाने के दौरान उन्होंने इस विभाग को अपने पास रखने की इच्छा जाहिर की थी।

रक्षा उत्पादन(डिफेंस प्रोडक्शन) मंत्री जुबैदा जलाल को शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक प्रदर्शन और जनरल परवेज मुशर्रफ के शासन के दौरान मंत्रालय चलाने के उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें यह मंत्रालय दिए जाने पर विचार किया जा रहा है।

हालांकि दूसरे फेरबदल को लेकर अटकलें काफी दिनों से चल रही हैं। वहीं सरकार ने भी आधिकारिक तौर पर इसकी न तो पुष्टि ही की है और न ही खंडन ही किया है। कैबिनेट में फेरबदल करने का विशेष अधिकार प्रधानमंत्री के पास है।

## पाक ने नेपाल में अपने रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के गायब होने के पीछे भारत का हाथ होने की तरफ किया इशारा

**इस्लामाबाद।** कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने में मशगूल पाकिस्तान ने अब नेपाल से कथित तौर पर लापता हुए अपने एक रिटायर्ड आर्मी अफसर की गुमशुदगी के लिए नई दिल्ली पर आरोप लगाने की कोशिश की है। पाकिस्तान ने करीब ढाई साल पहले के कथित मामले को अचानक उठाते हुए कहा है कि इसके पीछे शत्रु एजेंसियों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

पाकिस्तान ने कहा कि उसके एक रिटायर्ड आर्मी अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल हबीब जहीर अप्रैल 2017 में लापता हुए थे और आरोप लगाया कि इसके पीछे शत्रु एजेंसियों का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता।



पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, भारतीय मीडिया रिपोर्ट्स/ट्वीट्स में दावा किया गया था कि लेफ्टिनेंट कर्नल हबीब भारत की कस्टडी में हैं और ऐसी अटकलें हैं कि उन्हें कमांडर जाधव (कुलभूषण जाधव) के बदले में छोड़ा जाएगा। इन रिपोर्ट्स/ट्वीट्स को लेकर मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल हबीब जहीर एक रिटायर्ड पाकिस्तानी ऑफिसर हैं जो नेपाल में तब लापता हो गए जब वह अप्रैल 2017 में एक जॉब इंटरव्यू के लिए गए थे...पाकिस्तान मानता है कि इसमें शत्रु एजेंसियों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता। बयान में यह भी कहा गया है कि लेफ्टिनेंट कर्नल हबीब के घर आने तक पाकिस्तान सरकार चैन से नहीं बैठेगी।

**ढाई साल बाद पाकिस्तान का अचानक दावा करना लग रही है साजिश**

कथित घटना के करीब ढाई साल बाद पाकिस्तान द्वारा अचानक इस मुद्दे को उठाया जाना उसकी पैंतरेबाजी और साजिश का एक हिस्सा लग रहा है। उसने बयान में आतंकवाद और जासूसी के आरोप में मौत की सजा का सामना कर रहे इंडियन नेवी के पूर्व अफसर कुलभूषण जाधव के बदले में रिहा किए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स की तरफ इशारा किया है।

अप्रैल 2017 में जब जाधव को पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने सजा सुनाई, उसके कुछ दिनों बाद ही वहां के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि हबीब को जॉब ऑफर के नाम पर जाल में फंसाया गया है। प्रवक्ता ने तब आरोप लगाया था कि वह नेपाल में भारतीय सीमा के नजदीक लुंबिनी से गायब हुए थे और उनके भारतीय कस्टडी में होने का संदेह जताया था।